दिन– सोमवार

दिनांक– 10 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों को स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। परीक्षा के दौरान दबाव और तनाव से निपटने के उपाय भी बताये।

02. परीक्षा पे चर्चा के दौरान छात्रों के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री ने समग्र विकास के लिए समय प्रबंधन और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया।

03. छब्बीस फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ के दौरान अब तक चौवालीस करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज प्रयागराज के महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगाई।

04. और, श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश ने बिहार से आने वाले भारी वाहनों के प्रवेश पर लगाई रोक।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में विद्यार्थियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने समग्र विकास पर बल देते हुए शिक्षा के महत्व का उल्लेख किया। आज जारी एक वीडियो में प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता पर काबू पाने के उपायों के बारे में विद्यार्थियों से बात की।

–––बाइट–––

बैट्समैन उस प्रेशर की परवाह नहीं करता। येस सर। उसका पूरा ध्यान उस बॉल पर होता है। अगर आप भी इस प्रेशर को मन में न लेते हुए, अपना ध्यान, आज मैंने इतना पढ़ना तय किया था, ये अगर कर लेते हैं, आप आराम से उस प्रेशर में से भी अपने आपको निकाल सकते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने पोषण और आरोग्य के महत्व का भी उल्लेख किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के लिए मोटे अनाज और सब्जियां खाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नींद पोषण पर निर्भर है।

–––बाइट–––

पोषण में शरीर की वेलनेस के लिए, फिटनेस के लिए, नींद का बहुत महत्व है और इन दिनों तो पूरा मेडिकल सांइस इस बात पर केन्द्रित हो रहा है कि जो पेशेंट आता है, उसकी नींद कैसी है, कितने घंटे सोता है, ये सारे सवालों का बहुत गहराई से अध्ययन करना।

प्रधानमंत्री ने छात्रों को परीक्षा के दबाव से तनाव मुक्त होकर तैयारी करने और खुद को चुनौती देते रहने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से बातचीत की।

———बाइट———

सर चाहूंगा कि आप हमारा मार्गदर्शन करें कि हम कैसे टेक्नोलॉजी का सदुपयोग कर सकते हैं। आप उस युग में बड़े हो रहे हैं, जिस युग में इतनी बड़ी मात्रा में टेक्नोलॉजी का फैलाव है, प्रभाव है, हर उपयोग और इसलिए टेक्नोलॉजी से भागने की जरूरत नहीं है, लेकिन आपको तय करना होगा कि क्या मैं रील देखता रहता हूं क्या, उसी में समय जाता है क्या मेरा या मुझे इस चीज में रूचि है, उसकी बारिकियों में जाऊं, उसके एनालिसिज में जाऊं, तो टेक्नोलॉजी एक ताकत बनेगी।

मेरा नाम अकांक्षा है और मैं केरला से आई हूं, इतनी बढिया हिन्दी कैसे बोलती हो, क्योंकि मेरे को हिन्दी बहुत अच्छी लगती है। पहले पोयम सुनानी पड़ेगी। इतना शोर है इन बाजारों में, इतना शोर है इन गलियों में, क्यों तू अपनी कलम लेकर बैठा है फिर एक गजल लिखने, फिर इस किताब के पन्नों पर, तो लिखना क्या चाहता है, ऐसा क्या है तेरे मन में, सवालों भरे तेरे मन में, एक स्याही शायद जवाब लिख रही है, फिर क्यों तू आसमान देखता है, ऐसा क्या है इन सितारों में, ऐसा क्या है तेरे मन में। वाह... वाह...।

परीक्षा पे चर्चा के इस संस्करण में प्रधानमंत्री से सीधे संवाद करने के लिए सभी राज्यों और केन्द्र–शासित प्रदेशों के लगभग 36 विद्यार्थियों का चयन किया गया था।

———————————————————————

पटना, शेखपुरा, बेगूसराय, वैशाली, नालंदा सहित कई जिलों में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रमको बच्चों को दिखाया गया।` पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, बेली रोड पटना सहित कई विद्यालयों में बच्चों ने बड़े स्क्रीन पर पूरे कार्यक्रम को देखा। स्कूली बच्चों ने आकाशवाणी समाचार से कहा कि जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए क्या किया जा सकता हैं। इसका मूलमंत्र मिला।

———बाइट———

इधर, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पटना के वाइस प्रिंसिपल राजीव रंजन सिंह ने कहा कि  प्रधानमंत्री के शबद् बच्चों के लिए बहुत प्रेरक थे।

———बाइट———

गया जिले के विराज कुमार ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री से साक्षात मुलाकात की और लीडरशिप पर सवाल किये। बाद में आकाशवाणी समाचार से बातचीत में विराजने कहा कि यह एक बेहतरीन अनुभव था।

———बाइट———

---

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा कि स्वच्छ भारत ग्रामीण अभियान के तहत 12 करोड़ शौचालयों के निर्माण के बाद 3 लाख बच्चों की जान बचाई गई है। आज राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत चलाए गए जागरूकता अभियान के कारण शौचालयों के उपयोग के संबंध में 7 करोड़ लोगों के व्यवहार में बदलाव आया है।

———बाईट———

2014 से शुरू हुआ, ये स्वच्छता अभियान उसके अंदर 38 पर्सेंट जब तक का टॉयलेट बने हुए थे। उसके बाद पांच साल के अंदर करीब–करीब 100 पर्सेंट तक वहां पर पहुंचा गया है। अभी तक 100 पर्सेंट जो बना है, मगर लास्टटीयर में हमने जो एक अभियान छेड़ा था, उसके अंदर करीब साढ़े तीन लाख जो नए घर बने थे, उनको देने थे, तो उसको भी सिर्फ बीस दिन के अंदर उनको सेंगशन करके उनका भी टॉयलेट बनाने का काम शुरू हुआ है।

---

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि केंद्र सरकार देश के सभी राज्यों में पात्र व्यक्तियों को इस योजना का लाभ देने के लिए कानून लाने पर विचार कर सकती है। श्री मांझी ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों को शुरू से अंत तक सहायता प्रदान करना है।

---

एनडीए संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने दावा किया कि आगामी विधान सभा चुनावों में एनडीए गठबंधन फिर से

भारी जीत हासिल करेगा। हाजीपुर के अक्षयवट स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रमको संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एनडीए ने हरियाणा और महाराष्ट्र के बाद दिल्ली विधानसभा जीत कर यह साबित कर दिया है कि जनता के दिल में किस प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति विश्वास है।

---

और अब खबरें महाकुंभ से

———म्यूजिक———

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। उन्होंने गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के संगम पर पूजा—अर्चना की। उनके साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि महाकुंभ मानवता को एकता और आध्यात्मिकता का संदेश देता है।

———बाईट———

दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम में, देश—विदेश की प्रमुख हस्तियां, इस पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु, नाव के द्वारा त्रिवेणी संगम पहुंची और साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। इसके बाद, राष्ट्रपति ने प्रयागराज में अक्षय बट और बड़े हनुमान मंदिर का दर्शन किया। वहीं डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र के माध्यम से, उन्होंने आधुनिक तकनीक के जरिए, महाकुंभ की गहराई को भी समझा। इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई थी। 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ का मेला 26 फरवरी तक चलेगा और अब तक 44 करोड़ से अधिक श्रद्धालु, त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी, समाचार प्रयागराज।

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज माघी पूर्णिमा स्नान के पहले प्रयागराज रेलवे स्टेशन के प्रबंधन का निरीक्षण किया। संवाददाताओं से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने महाकुंभ के लिए शहर के आठ रेलवे स्टेशनों पर व्यापक प्रबंध किये हैं।

———बाईट———

रेल मंत्रालय ने मीडिया की कुछ खबरों को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रयागराज जंक्शन बंद नहीं किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि जिला प्रशासन के अनुसार प्रयागराज संगम स्टेशन इस महीने की 14 तारीख तक यात्रियों की आवाजाही के लिए बंद रहेगा। मंत्रालय ने कहा कि महाकुंभ मेला क्षेत्र के आसपास अन्य आठ स्टेशनों से नियमित और विशेष रेलगाडियां सुचारू रूप से चल रही हैं।

---

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश ने बिहार से आने वाले भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले की पुलिस ने कैमूर पुलिस को इस संबंध में सूचित किया है। कैमूर के पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला ने इस दिशा निर्देश के आलोक में लोगों से अपनी यात्रा की योजना बनाने की अपील की है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में नवादा जिले में दो सौ ग्यारह करोड़ रूपये से अधिक राशि की दो सौ दो विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने घोषणा की नूतन नवादा के तहत एक ही जगह पर विभिन्न संस्थानों का निर्माण किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से संवाद करते हुए कहा की आपकी बदौलत लोगों की पारिवारिक और सामाजिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है।

———————————————————————

पछुवा हवा की गति कम होने के साथ ही प्रदेश में ठंड का असर कम होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना क अनुसार अगले अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी होने की संभावना है।

———बाईट———

———————————————————————

राज्य में जमीन सर्वे के लिए रैयत इक्कीस फरवरी तक ऑनलाइन माध्यम से स्वघोषणा और वंशावली जमा नहीं करवा सकेंगे। सर्वर में किये जा रहे बदलाव के कारण राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने यह निर्णय लिया है। भू–अभिलेख और परिमाप निदेशालय ने रैयतों से कहा है कि वे जमीन की स्वघोषणा अंचल स्थित शिविर कार्यालय में जाकर ऑफ लाईन जमा करा सकते हैं। स्वघोषणा जमा करने की ऑनलाइन व्यवस्था बाईस फरवरी से शुरू होगी। गौरतलब है कि प्रदेश में मार्च दो

हजार पच्चीस तक स्वघोषणा जमा करने का प्रावधान किया गया है। अब तक अठ्हत्तर लाख रैयत स्वघोषणा जमा करवा चुके हैं।

---

पूर्वी चंपारण जिले में आज मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के तहत सदर अस्पताल स्थित एमसीएच भवन में टीकाकरण शुरू हुआ। इस योजना के तहत नौ से चौदह आयु वर्ग की लड़कियों के सर्वाइकल कैंसर से बचाव लिए एचपीवी वैक्सीन दी जा रहीं ळें

---

पश्चिम चम्पारण जिले के एनएच सात सौ सत्ताईस पर एक टेंपो और कार के आमने सामने हुई भीषण टक्कर में एक मीहिला की मृत्यु हो गई। वही, पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

अररिया जिले की पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर जुर्माने के रूप में पचास हजार से अधिक की वसूली के साथ कई वाहनों को जब्त भी किया है।

सशस्त्र सीमा बल अड़तालीसवीं वाहिनी ने नेपाल से भारत में हो रही तस्करी को विफल करते हुए मधुबनी में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों से भारी मात्रा में शराब, वाहन एवं मोबाइल फोन जब्त किया गया है।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों को स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। परीक्षा के दौरान दबाव और तनाव से निपटने के उपाय भी बताये।
02. परीक्षा पे चर्चा के दौरान छात्रों के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री ने समग्र विकास के लिए समय प्रबंधन और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया।

03. छब्बीस फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ के दौरान अब तक चौवालीस करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज प्रयागराज के महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगाई।

04. और, श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश ने बिहार से आने वाले भारी वाहनों के प्रवेश पर लगाई रोक।

---

समाप्त